BBD GROUP

# वॉयस ऑफ लखनऊ



सच, सिर्फ सच

रविवार 7 जुलाई, 2019 लखनऊ, महानगर, वर्ष 14, अंक 184, 16 पेज 2.00 रुपए www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



# लॉयंस क्लब अवध ने लगाई सीनेटरी नेपकिन मशीन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लॉयंस क्लब अवध, लखनऊ एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज लखनऊ विगत कई वर्षों से सामाजिक उत्थान के विभिन्न कार्यक्रम साथ-साथ करते आ रहे हैं।

जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन संस्थान के परिसर में आयोजित किया जाता है, इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुये लॉयंस क्लब लखनऊ के द्वारा अध्ययनरत छात्राओं एवं कार्यरत अध्यापिकाओं के सुविधा के लिए 2 सीनेटरी नेपकिन मशीन एसएमएस लखनऊ को निःशुल्क उपलब्ध कराई गयी है। एक मशीन की स्थापना कॉलेज परिसर में एवं दुसरी मशीन की स्थापना गर्ल्स हॉस्टल, विकल्प खण्ड, गोमती नगर में शनिवार को एक आयोजित कार्यक्रम में की गयी।। इस कार्यक्रम में लॉयंस क्लब के वॉयस डिस्ट्रिक गवर्नर (प्रथम) कमल शेखर गुप्ता तथा (द्वितीय) जगदीश अग्रवाल, एक्टिविटी चेयर पर्सन एवं सचिव विनीत श्रीवास्तवा, क्लब प्रेसीडेन्ट हर्ष रेवाड़ी तथा लॉयंस क्लब के अन्य लोगों के साथ-साथ एसएमएस संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह , डायरेक्टर जनरल प्रो (डॉ.) बीआर सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. (डॉ.) धर्मेन्द्र सिंह , आदित्य प्रताप सिंह, कार्यक्रम कॉआर्डिनेटर, सामाजिक उत्थान, एसएमएस लखनऊ एवं संस्थान के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित थे। दोनों मशीनों का शुभारम्भ शरद सिंह, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस लखनऊ के करकमलो द्वारा किया गया।

